रेलवे की कार्य-योजना का क्रियान्वयन

2997. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1993-94 और 1994-95 के लिये रेलवे की कार्य योजना के क्रियान्वयन के कार्यात्मक समन्वय और निगरानी हेतु एक निगरानी दल गठित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक दल को क्या विशिष्ट कार्य सौंपा गया है; और

(ग) इन दलों की सिफारिशें कब तक प्राप्त हो जाएंगी?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

झेलम एक्सप्रेस में बोगियों का लगाया जाना

2998. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झेलम एक्सप्रेस में कितनी बोगियां लगाई जा रही हैं;

(ख) क्या यह सच है कि पुणे और अहमदनगर से दिल्ली को फल और दूसरी वस्तुएं भेजने के लिये इसमें एक और बोगी लगाये जाने का अनुरोध किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या निर्णय लिया गया है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) 1077/1078 झेलम एक्सप्रेस 17 सवारी डिब्बों के साथ चल रही है जिनमें दो मिले-जुले दूसरा दर्जा सामान-एवं ब्रेक यान शामिल है।

(ख) जी हां।

(ग) जांच की गई है परन्तु औचित्यपूर्ण नहीं पाया गया क्योंकि दो मिले-जुले दूसरा दर्जा सामान-एवं ब्रेक यान इस क्षेत्र में फलों और नश्य सामग्री की ढुलाई के लिए पर्याप्त समझे जाते है।

Rail Connection Between Rajasthan and Hon rah

2999. SHRI K.M. KHAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Rajasthan has been connected with Howrah through rail link for the first time;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Rajasthan is already ecu nccted with other important cities of country through rail-link.

(d) if so, the names of connected places;

(e) whether Government propose to connect similar more desert areas of the country with other important cities of country through rail-link; and

(f) if so, the names of places selected and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHAR1EF): (a) and (b) Rajasthan was earlier connected with Howrah by Sriganganagar-Howrah Udyan Abha Toofan Express, Moreover, Jaipur-Scaldnh Express has also been introduced from July *94* time tabic.

(c) Yes, Sir.

(d) Delhi/New Delhi, Bombay, Ahmedabad, Secunderabad, Vadodara, Amritsar, Firozpur, Jammu Tawi, Calcutta, Agra, Mughalsarai, Patna, Allahabad, Dehradun, Indore, Ujjain, Lucknow, Kanpur, Gorakhpur, Rajkot etc.

(c) and (f) Introduction of trains is an ongoing process subject to operation!!' feasibilities, traffic justification and av-ailability of resources

यात्री बोगियों की आवश्यकता

3000. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अगले पांच वर्षों के दौरान सभी मीटर लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित कर दिया जाएगा;